Need to upgrade trauma centres in Chhattisgarh-Laid

श्री चिन्तामणि महाराज (सरगुजा) : छत्तीसगढ़ में 6 ट्रोमा सेन्टर्स हैं जिनमें बिलासपुर रायपुर जगदलपुर लेवल 2 के और अम्बिकापुर, रायगढ़, कांकेर लेवल 3 के ट्रोमा सेन्टर्स हैं । यदि छत्तीसगढ़ में ट्रोमा सेन्टर्स की ट्रेंच को देखा जाए तो पहली ट्रेंच में जगदलपुर से अम्बिकापुर की दूरी 678 किलोमीटर है और दूरी दूसरी ट्रेंच में जगदलपुर से रायगढ़ 480 किलोमीटर है इस पूरी लाईन में लेवल 1 ट्रोमा सेन्टर नहीं हैं । अम्बिकापुर से पहले रायपुर में ट्रोमा सेन्टर आता है और यहाँ एम्स भी है, जो 341 किलोमीटर की दूरी पर है और अम्बिकापुर के आगे रांची स्थित ट्रॉमा सेंटर की दूरी 290 किलोमीटर और देवघर एम्स की दूरी 560 किलोमीटर तथा पटना एम्स की दूरी 400 किलोमीटर हैं । वर्तमान में आवश्यकता है कि छत्तीसगढ़ में ट्रोमा सेन्टर्स के ट्रेंच में कम से कम एक ट्रोमा सेन्टर लेवल 1 और 2 ट्रोमा सेन्टर लेवल 2 या लेवल 3 के बनाए जाऐं । अतः मेरा सुझाव है कि अम्बिकापुर स्थित लेवल 3 ट्रोमा सेन्टर को प्रोन्नत करके लेवल 1 ट्रोमा सेन्टर बनाया जाए तथा इसके अतिरिक्त अम्बिकापुर के आगे दो ट्रेंच जिला बलरामपुर और औरंगाबाद, महाराष्ट्र की तरफ तथा जिला जशपुर, रांची झारखण्ड की तरफ बनाकर लेवल 2 या लेवल 3 के ट्रोमा सेन्टर्स बनाए जाऐं ।